झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **06.03.2020**

प्रेस विज्ञप्ति- 266/2020

06 मार्च 2020

नया विधानसभा, रांची

======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज नया विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में लातेहार जिले के बालूमाथ एवं चतरा जिले के टंडवा से आये मगध आम्रपाली परियोजना के विस्थापितों, भू- रैयत एवं ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने बताया कि मगध-आम्रपाली कोयला परियोजना से सैकड़ों लोग विस्थापित हुए हैं। सीसीएल ऐसे लोगों का नियोजन, पुनर्वास, क्षेत्र का विकास (सीएसआर), प्रदूषण से मुक्ति को लेकर अपनी भूमिका ठीक से नहीं निभा पा रहा है। सीसीएल द्वारा बिना अनुमति के उत्खन्न कार्य भी किया जा रहा है। पूर्व की सरकार द्वारा उनपर झूठे मुकदमे भी किये गए हैं। सीसीएल और कंपनी के द्वारा ग्रामीणों पर किया जा रहा जुल्म किया जा रहा है। मुख्यमंत्री को उन्होंने बताया कि विरोध करने पर सीसीएल ने कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेजने का कार्य किया है। सरकार इस पर ध्यान दे। इस पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि सरकार सीसीएल के अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान यथाशीघ्र करेगी। इस अवसर पर मंत्री श्री सत्यानंद भोक्ता भी उपस्थित थे

###

======================

#Team PRD(CMO)